## CASE STUDY- 01

सुनील एक युवा लोक सेवक है तथा सक्षमता, ईमानदारी, समर्पण तथा मुश्किल और दुर्वह कामों के लिए अथक प्रयास हेतु उसकी प्रतिष्ठा है। उसकी प्रोफाइल को देखते हुए उसके अधिकारियों ने उसे एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण और संवेदनशील कार्यभार को संभालने के लिए चुना था। उसे अवैध बालू खनन के लिए कुख्यात आदिवासी-बहुल जिले में तैनात किया गया। नदी पट्टी से, अनियंत्रित रूप से बालू उत्खनन करके ट्रकों से ढोकर उसको काला बाजार में बेचा जा रहा था। यह अवैध बालू खनन माफिया स्थानीय कार्यकर्ताओं और आदिवासी बाहुबलियों के सहयोग से काम कर रहा था जो बदले में चुनिंदा गरीब आदिवासियों को रिश्वत देते रहते थे तथा उनको डरा और धमका कर रखते थे।

सुनील ने एक तेज और ऊर्जावान अधिकारी होने के नाते जमीनी हकीकत पहचानकर और माफिया के द्वारा कुटिल तथा संदिग्ध तंत्र के माध्यम से अपनाए गए उनके तौर-तरीकों को तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने पाया कि उसके अपने कार्यालय के कुछ कर्मचारियों की उनसे मिलीभगत है और उन्होंने उनके साथ घनिष्ठ अवांछनीय गठजोड़ विकसित कर लिया है। सुनील ने उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू की और उनके बालू से भरे ट्रकों की आवाजाही के अवैध संचालन पर छापा मारना शुरू कर दिया। माफिया भड़क गया क्योंकि पहले बहुत अधिकारियों ने उनके विरुद्ध इतने बड़े कदम नहीं उठाये थे। कार्यालय के कुछ कर्मचारियों ने जो कथित तौर पर माफिया के करीब थे, उनको सूचित किया कि अधिकारी उस जिले में माफिया के अवैध बालू खनन संचालन को साफ करने के लिए दृढ़ संकल्पित है और उन्हें अपूरणीय क्षति हो सकती है।

माफिया शत्रुतापूर्ण हो गया और जवाबी हमला शुरू किया। आदिवासी बाहुबली और माफिया ने उसको गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देना शुरू कर दिया। उसके परिवार (पत्नी और वृद्ध माता) का पीछा किया जा रहा था, वे उनकी वास्तविक निगरानी में थे जिससे कि उन सभी को मानसिक यातना, यंत्रणा और तनाव हो रहा था। उस समय मामले ने गंभीर रूप धारण कर लिया जब एक बाहुबली उसके कार्यालय में आया और उसको छापे मारना इत्यादि बंद करने की धमकी दी और कहा कि उसका हाल उसके पूर्व अधिकारियों से अलग नहीं होगा (दस वर्ष पूर्व माफिया द्वारा एक अधिकारी की हत्या कर दी गई थी)।

(a) इस स्थिति को संभालने में सुनील के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों की पहचान कीजिए।
(b) आपके द्वारा सूचीबद्ध विकल्पों का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।
(c) आपके विचार से उपर्युक्त में से कौन-सा विकल्प सुनील के लिए सबसे उपयुक्त होगा और क्यों?

**( उत्तर 250 शब्दों में दीजिए, IAS-2021, 20 अंक )**

Sunil is a young civil servant and has a reputation for his competence, integrity. dedication and relentness pursuit of difficult and onerous jobs. Considering his profile, he was picked up by his bosses to handle a very challenging and sensitive assignment. He was posted in a tribal dominated district notorious for illegal sand mining. Excavating sand from river belt and transporting through trucks and selling them in black market was rampant. This illegal sand mining mafia was operating with the support of local functionaries and tribal musclemen who in turn were bribing selected poor tribals and had kept the tribals under fear and intimidation.


KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880

Sunil being a sharp and energetic officer immediately grasped the ground realities and the modus operandi followed by the mafia through their devious and dubious mechanism. On making inquiries, he gathered that some of their own office employees are in hand and glove with them and have developed close unholy nexus. Sunil initiated stringent action against them and started conducting raids on their illegal operations of movement of trucks filled with sand. The mafia got rattled as not many officers in the past had taken such strong steps against the mafia. Some of the office employees who were allegedly close to mafia informed them that the officer is determined to clean up the mafia's illegal sand mining operations in that district and may cause them irreparable damage. The mafia turned hostile and launched counter-offensive. The tribal musclemen and mafia started threatening him with dire consequences. His family (wife and old mother) were stalked and were under virtual surveillance and thus causing mental torture, agony and stress to all of them. The matter assumed serious proportions when a muscleman came to his office and threatened him to stop raids, etc. otherwise; his fate will not be different than some of his predecessors (ten years back one officer was killed by the mafia).

(a) Identify the different options available to Sunil in attending to this situation.

(b) Critically evaluate each of the options listed by you

(c) Which of the above, do you think, would be the most appropriate for Sunil to adopt and why?

*(Answer in 250 words, IAS 2021, 20 Marks)*

**उत्तरः**

**समाधानः** प्राकृतिक संसाधनों का गैर कानूनी एवं अंधाधुध दोहन तथा उनकी कालाबाजारी भारत की कई राज्यों की एक गम्भीर समस्या है। इसे रोकने के क्रम में कई बार ईमानदार अधिकारियों की जान जोखिम में पड़ जाती है।

प्रस्तुत मामले का गहनता पूर्वक अध्ययन करने के बाद उपरोक्त परिस्थिति में सुनील के समक्ष निम्नलिखित विकल्प होगें–

1. परिस्थिति से समझौता करके माफिया को पूर्ववत् काम करने दें।
2. व्यक्तिगत एवं पारिवारिक क्षति की परवाह न करते हुए माफिया एवं उन्हें समर्थन करने वाले तत्वों पर कार्यवाही तेज कर दें।
3. अपने वरिष्ठ आधिकारियों से मिलकर, चर्चा कर, परिवार एवं स्वयं की विशेष सुरक्षा की व्यवस्था कर, नयी रणनीति के साथ माफियाओं एवं उनके सहयोगियों पर कार्यवाही।

**प्रथम विकल्पः**

**लाभः** 1. पारिवारिक क्षति एवं भय का माहौल समाप्त।

**हानिः**

1. माफियाओं का हौसला बढ़ेगा एवं गैर कानूनी काम करने की प्रवृत्ति बढ़ेगी।
2. सरकार को राजस्व की क्षति होगी।
3. पर्यावरण का अहित होगा।

**दूसरा विकल्पः**

**लाभः**

1. माफियाओं एवं उनके सहयोगियों को सख्त संदेश जायेगा।
2. अवैध खनन पर रोक लगेगी।


KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880

**हानिः**

1. मानसिक परेशानी एवं शारीरिक क्षति का खतरा बढ़ जायेगा।

मैं तीसरे विकल्प को स्वीकार करूँगा। इस क्रम में मैं-

1. सबसे पहले अपने कार्यालय के कर्मचारियों को समझाऊँगा और इस संदर्भ में दण्ड एवं पुरस्कार, प्रोत्साहन एवं हतोत्साहन की नीति अपनाऊँगा।

2. तत्पश्चात माफियाओं के सहयोगिओं को गैर-कानूनी कार्य छोड़ने हेतु दबाव डालूँगा। सम्भव होगा तो कुछ पर कानूनी कार्यवाही भी करूँगा।

3. गरीब आदिवासियों के साथ मिलकर, उनकी समस्याओं को समझकर भय रहित होकर सरकार का समर्थन करने के लिए अनुनय करूँगा। साथ ही आदिवासियों के कल्याण हेतु सरकार द्वारा शुरू किए गये कार्यक्रमों/योजनाओं से उन्हें परिचित कराऊंगा और उन्हें उसका लाभ दिलाने का आश्वासन दूंगा।

4. अवैध खनन के लिए जिम्मेदार माफियाओं को पकड़ने हेतु खुफिया तंत्र एवं तकनीक का सहारा लेगें।

इस प्रकार संवगेगात्मक परिपक्वता, रणनीति, तकनीक, सहयोग को बढ़ावा देते हुए इस समस्या का समाधान करने का प्रयास करूंगा।

KHAN GLOBAL STUDIES
Most Trusted Learning Platform
KHAN SIR



KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880